कार्यालय वन संरक्षक, यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड,देहरादून।

87–राजपुर रोड, देहरादून, दूरभाष–0135–2745779 E-mail (cfyamu-forest-uk@nic.in)

पत्रांक :– 1375 /12–1, देहरादून, दिनांक, 26 अप्रैल 2024।

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
अपर यमुना वन प्रभाग,
बड़कोट।

विषय :– **जनपद उत्तरकाशी में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 123 (507) थाथरी खड्ड से मुराड़ी गांव के पूर्व निर्मित मोटर मार्ग के कि0मी0 75.00 से कि0मी0 101.00 तक के भाग का दो लेन चौड़ीकरण हेतु 31.86 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु एन0एच0, बड़कोट को प्रत्यावर्तन किये जाने के सम्बन्ध में (FP/UK/ROAD/19158/2016)**

संदर्भ :– **क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–केन्द्रीय क्षेत्र) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का पत्रांक 8बी/यू0सी0पी0/06/81/2020/एफ0सी0/822 दिनांक 31.07.2020 एवं आपका पत्रांक 2071/12–1 दिनांक 10.04.2024।**

महोदय,

विषयांकित वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव के सम्बन्ध में संदर्भित पत्र से क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सृजित की गई कमियों की निराकरण आख्या आप द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। इस कार्यालय स्तर से उक्त निराकरण आख्या का परीक्षण किया गया। परीक्षण में पाया गया कि प्रस्तावक विभाग एवं प्रभागीय वनाधिकारी स्तर से क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इंगित कमियां बिन्दु संख्या 01, 05, 07, 08, 09, 10, 11, 14 का दिये गये निर्देशों के अनुसार निराकरण नहीं किया गया है। प्रस्तावक विभाग/प्रभाग स्तर से ऑनलाइन पोर्टल में वांछित अभिलेख अपलोड नहीं किये गये हैं।

अतः आप क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इंगित कमियों का गहनता से अवलोकन कर प्रस्तावक विभाग एवं प्रभागीय स्तर से ऑनलाइन निराकरण करते हुये बिन्दुवार निराकरण आख्या इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें। ताकि क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इंगित कमियों का पूर्ण निराकरण कर आख्या उच्च स्तर को समयान्तर्गत प्रेषित की जा सके। त्रुटिपूर्ण एवं अपूर्ण निराकरण आख्या इस कार्यालय को पुनः प्रेषित न की जाये।

भवदीया

(कहकशां नसीम, भा0व0से0)
वन संरक्षक,
यमुना वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून।

File name EDS query